VASISHTHA GENESIS SCHOOL, BARDOLI
(Academic Session: 2026-27)

Date: ________ Class: 4 Div: A/C Roll No: ______ Sub: 2L Hindi
Name: ____ Revision Worksheet: No. 2

पाठ – 2. सिक्के का भभूत

प्रश्न 1. लघ उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

प्रश्न (क) चौपाल में किस बात पर चर्चा हो रही है?
उत्तर - चौपाल में महँगाई पर चर्चा हो रही थी।

प्रश्न (ख) सभी पशु-पक्षी क्या ध्यान से देखने लगे?
उत्तर - सभी पशु-पक्षी कल्लू लोमड़ को सिक्के से भभूत निकालते हुए ध्यान से देखने लगे।

प्रश्न (ग) हाथी दादा ने गुस्से में कल्लू से क्या कहा ?
उत्तर - हाथी दादा ने गुस्से में कल्लू से सिक्के से भभूत निकालने का तरीका सच- सच बताने के लिए कहा।

प्रश्न 2. प्रश्नों के उत्तर विस्तार से लिखिए :

प्रश्न (क) क्या सुनकर कल्लू को ठगी सूझी ?
उत्तर - पूसी द्वारा महँगाई से बचने का उपाय पूछने और हाथी दादा द्वारा खर्चा कम करके पाई-पाई बचाने का उपाय बताने पर कल्लू को ठगी सूझी।

प्रश्न (ख) कल्लू लोमड़ ने सिक्के से भभूत कैसे निकाला ?
उत्तर - कल्लू लोमड़ ने जेब से बीस पैसे का सिक्का निकाला और उसे मुट्ठी में कसकर दबा लिया फिर आँखें बंद करके अँगूठे और अँगुलियों से सिक्के को रगड़ने लगा। इस तरह कल्लू लोमड़ ने सिक्के से भभूत निकाला।

प्रश्न (ग) क्या सुनकर कल्लू की सिट्टी-पिट्टी गुम हो गई ?
उत्तर - जब मिट्ठू तोते ने कल्लू को अपना पाँच रुपये का सिक्का देकर उसमें से भभूत निकालकर दिखाने के लिए कहा और यह भी कहा कि यदि वह राख निकाल पाया तो मिट्ठू तोता उसे पाँच सौ रुपये देगा और यदि वह राख न निकाल पाया तो वह उन सबके पैसे लौटाएगा, जिनको आज तक उसने ठगा है। यह सुनकर कल्लू की सिट्टी-पिट्टी गुम हो गई।

प्रश्न (घ) कल्लू को किसने और क्या चेतावनी दी ?
उत्तर - जंगल के राजा शेर ने कल्लू को चेतावनी दी कि यदि उसने आज के बाद किसी को ठगा तो उसे जंगल से निकाल दिया जाएगा।